# JALAUN POLICE

## थाना सिरसाकलार पुलिस द्वारा गुम हुये युवक को परिजनो से मिलाया ।



कॉलर द्वारा डॉयल-112 पर सूचना दी गयी कि एक मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति उनके खेत पर आया है । इस सूचना पर थाना सिरसाकलार पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति को सकुशल ससम्मान थाने पर लाकर पहचान कराकर सही नाम पता की जानकरी की गयी, तो उसने अपना नाम गौरव यादव पुत्र अंगद सिंह ग्राम हीरापुरा थाना बैदपुर जनपद इटावा बताया। जिसके परिजनों से सम्पर्क कर पहचान करायी गयी तो परिजनों द्वारा बताया कि गौरव उपरोक्त मानसिक रूप से कमजोर है तथा 01 माह पूर्व घर से बिना बताये कही चला गया था, तभी से हम लोगों ने अपनी रिश्तेदार व आसपास के गांव में काफी खोजवीन की किन्तु नही मिले जिस कारण हम लोग परेशान थे तथा लगातार खोज रहे थे । थाना सिरसाकलार पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए गौरव उपरोक्त को उनके भाई सर्वेश कुमार पुत्र अंगद सिंह निवासी ग्राम हीरापुर थाना बैदपुर जनपद इटावा को सकुशल सुपुर्द किया गया । इस सराहनीय कार्य से प्रभावित होकर परिजनो द्वारा जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।